**प्रेस नोट संख्या- 19**
**दिनांक 15.10.2025**
**सराहनीय कार्य थाना मोहनगंज**
**अवैध पटाखा निर्माण, भण्डारण एवं बिक्री करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 3000 अनार खाली, 1500 सुतली बम अर्धनिर्मित, 1016 अनार बम, 500 किलमात, 10 किलो बारूद, 01 बंडल सुतली, 15 किलो कोयला बुरादा, 05 किलो गंधक, 100 बमबाती, 05 किलो लकड़ी का बुरादा, 2.5 किलो एल्युमिनियम चूर्ण/बुरादा, रद्दी पेपर व पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री (अनुमानित कीमत 1,00,000/- रुपये) बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में, क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.10.2025 थाना मोहनगंज पुलिस देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मालिन का पुरवा मजरे शाहमऊ में एक व्यक्ति अपने मकान के बगल में खाली जमीन में पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा निर्माण करके बेचता भी है। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर रहे व भण्डारण किये हुए अभियुक्त मो0 असलम पुत्र मो0 आलम निवासी मालिन का पुरवा मजरे शाहमऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष को 3000 खाली अनार, 1500 सुतली बम अर्धनिर्मित, 1016 अनार बम, 500 किलमात, 10 किलो बारूद, 01 बंडल सुतली, 15 किलो कोयला बुरादा, 05 किलो गंधक, 100 बमबाती, 05 किलो लकड़ी का बुरादा, 2.5 किलो एल्युमिनियम चूर्ण/बुरादा, 02 किलो नमक, 50 पैकेट गोंद, रद्दी पेपर व पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सके। थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- मो0 असलम पुत्र मो0 आलम निवासी मालिन का पुरवा मजरे शाहमऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष।

**बरामदगी-**

- 08 बोरियों व पालीथीन में , 3000 खाली अनार, 1500 सुतली बम अर्धनिर्मित, 1016 अनार बम, 500 किलमात, 10 किलो बारूद, 01 बंडल सुतली, 15 किलो कोयला बुरादा, 05 किलो गंधक, 100 बमबाती, 05 किलो लकड़ी का बुरादा, 2.5 किलो एल्युमिनियम चूर्ण/बुरादा, 02 किलो नमक, 50 गोंद व पटाखा, रद्दी पेपर निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 288/25 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0, 5/9B विस्फोटक पदार्थ अधि0 व 288, 125 बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 उमेशचन्द्र थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 अरुण यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. का0 विजयकेश यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. का0 सुनील कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।